भारत सरकार

कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय

कृषि अनुसंधान एवं शिक्षा विभाग

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 3853

दिनांक 04/04/2025

भारतीय श्री अन्न अनुसंधान संस्थान के मुख्यालय का स्थानांतरण

3853. श्री रामजी लाल सुमन :

क्या **कृषि एवं किसान कल्याण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या भारतीय श्री अन्न अनुसंधान संस्थान का मुख्यालय हैदराबाद में स्थित है;

(ख) क्या यह सच है कि श्री अन्न की खेती और पैदावार राजस्थान और उत्तर प्रदेश जैसे राज्यों में सबसे अधिक है;

(ग) श्री अन्न की खेती और पैदावार का राज्य-वार, हेक्टेयर-वार ब्यौरा क्या है; और

(घ) क्या मंत्रालय श्री अन्न अनुसंधान संस्थान का मुख्यालय श्री अन्न की ज्यादा खेती एवं पैदावार करने वाले राज्य में स्थानांतरित करने पर विचार करेगा, जिससे क्षेत्रीय लोगों को और अधिक सुविधा मिल सके और अधिकारियों को पैदावार वाले स्थान पर रह कर श्री अन्न खेती पर अनुसंधान करने का अवसर मिल सके?

उत्तर

कृषि एवं किसान कल्याण राज्य मंत्री

(श्री भागीरथ चौधरी)

(क) जी हां। भाकृअनुप- भारतीय श्रीअन्न अनुसंधान संस्थान (IIMR) का मुख्यालय हैदराबाद में है।

(ख) हमारे देश में मुख्यत: नौ (9) श्रीअन्न (मिलेट) फसलों नामत: - पर्लमिलेट (बाजरा), सोरघम (ज्वार), फिंगर मिलेट (रागी), फॉक्सटेल मिलेट (कंगनी), लिटल मिलेट (कुटकी), कोदो मिलेट (कोदो), प्रोसो मिलेट (चीना), बर्नयार्ड मिलेट (सांवा) और ब्राउन - टॉप मिलेट की खेती की जाती है। सभी मिलेट फसलों को मिलाकर कुल क्षेत्रफल राजस्थान में सर्वाधिक है तथा इसके बाद महाराष्ट्र का क्रम आता है, जबकि सभी मिलेट फसलों का कुल उत्पादन राजस्थान में सर्वाधिक है तथा इसके बाद उत्तर प्रदेश का क्रम आता है।

(ग) मिलेट की खेती वाले प्रमुख राज्य हैं - राजस्थान, महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश, कर्नाटक और मध्य प्रदेश। मिलेट की राज्य-वार खेती और उत्पादन को **अनुबंध-I** में दिया गया है।

(घ) वर्तमान में, इस तरह का कोई प्रस्ताव नहीं है। हालांकि राजस्थान राज्य में उदयपुर, जोधपुर, बीकानेर तथा जयपुर में सोरघम एवं श्रीअन्न पर कुल 4 अखिल भारतीय समन्वित अनुसंधान परियोजनाएं और बाजरा पर गुडामलीनी, बाड़मेर में भाकृअनुप-आईआईएमआर का एक क्षेत्रीय अनुसंधान स्टेशन कार्यरत है।

****

अनुबंध-I

{राज्य सभा के दिनांक 04.04.2025 के अतारांकित प्रश्न सं. 3853 का भाग (ग)}

श्रीअन्न/कुल मिलेट का राज्यवार क्षेत्रफल एवं उत्पादन (2023-24)

राज्य/संघ शासित प्रदेश	क्षेत्रफल (हजार हेक्टे.)	उत्पादन (हजार टन)
	2023-24	2023-24
आंध्र प्रदेश	168.54	428.59
अरूणाचल प्रदेश	27.76	28.79
असम	8.73	6.76
बिहार	7.28	7.01
छतीसगढ़	44.62	25.94
दादरा एवं नगर हवेली	1.35	2.19
दमन और दीव	@	@
दिल्ली	4.32	7.38
गुजरात	584.65	1408.90
हरियाणा	546.96	1171.12
हिमाचल प्रदेश	3.00	2.08
जम्मू एवं कश्मीर	19.32	9.92
झारखंड	32.92	31.95
कर्नाटक	1792.00	2161.54
केरल	1.29	1.00
मध्य प्रदेश	615.00	1302.01
महाराष्ट्र	2271.60	2163.74
मेघालय	3.07	2.83
नागालैंड	18.04	19.82
ओडिशा	115.73	94.83
पुदुचेरी	0.14	0.41
पंजाब	0.70	0.55
राजस्थान	4801.07	4885.68
सिक्किम	1.81	1.90
तमिलनाडु	495.75	676.37
तेलंगाना	114.00	255.58
त्रिपुरा	1.05	1.03
उत्तर प्रदेश	1348.00	2699.53
उत्तराखंड	109.26	167.57
पश्चिम बंगाल	7.21	6.61
अन्य	NA	NA
समग्र भारत	13145.16	17571.62

@ दादरा एवं नगर हवेली के साथ मिलाए गए

NA- लागू नहीं

****